Gujarat Election Watch

1 दिसंबर, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

# उम्मीदवारों द्वारा घोषित वित्तीय, आपराधिक एंव अन्य विवरणों के आधार पर विश्लेषण

# गुजरात विधानसभा चुनाव 2017, पहला चरण


**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स**

टी–95, सी.एल. हाऊस, द्वितीय तल,

नज़दीक गुलमोहर कर्मेशियल काम्पलेक्स,

गौतम नगर, नई दिल्ली– 110049,

फोन नं.: 011–4165 4200, फैक्स नं: 4609 4248

ईमेलः adr@adrindia.org



एन्ड्रॉइड एप्प ''इलेक्शन वॉच रिर्पोटर (ई.डब्लू.आर)'' द्वारा अपने चुनाव क्षेत्र में उम्मीदवारों द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों को रिपोर्ट करें।

| पहला चरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | उम्मीदवारों की संख्या | मतदान तिथि |
| 1 | AMRELI | 5 | 50 | 9th December 2017 |
| 2 | BHARUCH | 5 | 45 | |
| 3 | BHAVNAGAR | 7 | 71 | |
| 4 | BOTAD | 2 | 33 | |
| 5 | DANGS | 1 | 5 | |
| 6 | DEVBHUMI DWARKA | 2 | 33 | |
| 7 | GIR SOMNATH | 4 | 34 | |
| 8 | JAMNAGAR | 5 | 82 | |
| 9 | JUNAGADH | 5 | 50 | |
| 10 | KACHCHH | 6 | 80 | |
| 11 | MORBI | 3 | 32 | |
| 12 | NARMADA | 2 | 16 | |
| 13 | NAVSARI | 4 | 27 | |
| 14 | PORBANDAR | 2 | 23 | |
| 15 | RAJKOT | 8 | 104 | |
| 16 | SURAT | 16 | 175 | |
| 17 | SURENDRANAGAR | 5 | 66 | |
| 18 | TAPI | 2 | 14 | |
| 19 | VALSAD | 5 | 37 | |
| **Grand Total** | | **89** | **977** | |

## रिपोर्ट के मुख्य अंश

गुजरात इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स ने गुजरात विधानसभा चुनाव 2017, के पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले **977** में से **923 उम्मीदवारों** के शपथपत्रों का विश्लेषण किया। गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण की मतदान तिथि 9 दिसंबर 2017 है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 54 उम्मीदवारों के शपथपत्र खराब होने के कारण उनका विश्लेषण नहीं किया गया है।

**137 (15%)**
**आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार**

**78 (8%)**
**गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार**

**198 (21%)**
**करोड़पति उम्मीदवार**

**₹ 2.16 करोड़पति उम्मीदवारों की औसत संपत्ति**

| क्र0सं0 | दल | विश्लेषित ना किए जाने वाले उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1 | INC | 1 |
| 2 | AAP | 2 |
| 3 | BSP | 4 |
| 4 | JD(U) | 2 |
| 5 | NCP | 2 |
| 6 | Independent | 26 |
| 7 | Other Parties | 17 |
| **कुल** | | **54** |

तालिका– विश्लेषित ना किए जाने वाले उम्मीदवार दलवार

# आपराधिक पृष्ठभूमि

- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले:** 923 में से 137 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं।
- **उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले: 78 (8 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के ऊपर अत्याचार से सम्बन्धित अपराध इत्यादि शामिल हैं।
- **हत्या से सम्बन्धित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार:** निर्वाचन क्षेत्र **देडियापाडा** के **भारतीय ट्रायबल पार्टी** के उम्मीदवार **महेशभाई छोटोभाई वासवा** ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी–302) से सम्बन्धित मामला घोषित किया है।
- **हत्या का प्रयास से सम्बन्धित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार: 8 उम्मीदवारों** ने अपने ऊपर हत्या का प्रयास (आईपीसी–307) से सम्बन्धित मामले घोषित किये है।
- **महिलाओं के ऊपर अत्याचार से सम्बन्धित मामलें घोषित करने वाले उम्मीदवार:** **2** उम्मीदवारों ने अपने ऊपर महिलाओं से **बलात्कार** (आईपीसी–376) और **1** उम्मीदवार ने **किसी स्त्री की लज्जा का अनादर** (आईपीसी–509) से सम्बन्धित मामले घोषित किये है।


**गंभीर आपराधिक मामलों के लिए मापदंड**

1. पांच साल या उससे अधिक सजा वाले अपराध
2. ग़ैर ज़मानती अपराध
3. चुनाव से सम्बन्धित अपराध (धारा 171 अथवा रिश्वतखोरी)
4. सरकारी खज़ाने को नुकसान पहुंचाने से सम्बन्धित अपराध
5. हमला, हत्या, अपहरण, बलात्कार से सम्बन्धित अपराध
6. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उल्लेखित अपराध (धारा 8)
7. भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम कानून के तहत अपराध
8. महिलाओं के ऊपर अत्याचार से सम्बन्धित अपराध

- **<u>अपहरण से सम्बन्धित मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार:</u> 3 उम्मीदवारों** ने अपने ऊपर अपहरण से सम्बन्धित मामले घोषित किये है। (आईपीसी 365)।

- **<u>उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले–दलवार:</u> BJP** के 89 में से 22 (25 प्रतिशत), **INC** के 86 में से 31 (36 प्रतिशत), **BSP** के 60 में से 11 (18 प्रतिशत), **NCP** के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), **AAP** के 19 मे से 2(11 प्रतिशत) **और** 416 में से 34 (8 प्रतिशत) **निर्दलीय** उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामलें घोषित किये हैं।


- **<u>उम्मीदवारों द्वारा घोषित गंभीर आपराधिक मामले–दलवार:</u> BJP** के 89 में से 10 (11 प्रतिशत), **INC** के 86 में से 20 (23 प्रतिशत), **BSP** के 60 में से 8 (13 प्रतिशत), **NCP** के 28 में से 3 (11 प्रतिशत), **AAP** के 19 मे से 1(5 प्रतिशत) **और** 416 में से 15 (4 प्रतिशत) **निर्दलीय** उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामलें घोषित किये हैं।




आलेख: उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले–दलवार

☞ **<u>*संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र:</u>** गुजरात विधान सभा चुनाव 2017 के पहले चरण में 89 में से 21 (24 प्रतिशत) निर्वाचन क्षेत्र ऐसे है जहाँ राजनीतिक दलों के 3 या उसे अधिक उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। (*संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र वे हैं जहां 3 या 3 से अधिक ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये है)।

## वित्तीय पृष्ठभूमि




आलेख– उम्मीदवारों के बीच संपत्ति शेयर

**उम्मीदवारों का संपत्ति विवरण**: नीचे की तालिका मे गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की संपत्ति का विवरण दिया गया है–

| संपत्ति का मूल्य (₹) | उम्मीदवारों की संख्या | उम्मीदवारों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| Rs.5 cr and above | 65 | 7% |
| Rs.2 crores to 5 crores | 60 | 7% |
| Rs. 50 lakhs to 2 crores | 161 | 17% |
| Rs.10 lakhs to 50 lakhs | 219 | 24% |
| less than Rs. 10 lakhs | 418 | 45% |

तालिका– उम्मीदवारों की संपत्ति का विवरण

☞ **अधिकतम संपत्ति वाले उम्मीदवार**: नीचे की तालिका मे गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण सबसे ज़्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवारों की सूची दी गई है–


| क्र0सं0 | नाम | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | दल | चल संपत्ति (₹) | अचल संपत्ति (₹) | कुल संपत्ति (₹) | पैन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajguru Indranilbhai Sanjaybhai | RAJKOT | RAJKOT WEST | INC | 20,06,15,197 | 1,21,16,68,578 | 1,41,22,83,775 141 Crore+ | Y |
| 2 | Saurabh Yashvantbhai Dalal Patel | BOTAD | BOTAD | BJP | 67,87,85,869 | 55,91,00,000 | 1,23,78,85,869 123 Crore+ | Y |
| 3 | Dhanjibhai Patel (Makson) | SURENDRANAGAR | WADHWAN | BJP | 85,23,20,111 | 28,24,58,334 | 1,13,47,78,445 113 Crore+ | Y |

*तालिका– अधिकतम संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवार*

*´ संपत्ति के मूल्य से यह तात्पर्य है कि उम्मीदवार ने अपने शपथपत्र में कुल संपत्ति का ब्यौरा नही दिया है। कुल संपत्ति की गण्ना उनके द्वारा शपथपत्र में घोषित किये गये विवरण के आधार पर की गई है।*

☞ <u>**करोड़पति उम्मीदवार**</u>: गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण में 923 में से 198 (21 प्रतिशत) करोड़पति उम्मीदवार हैं।

☞ <u>**करोड़पति उम्मीदवार–दलवार**</u>: **BJP** के 89 में से 76 (85 प्रतिशत), **INC** के 86 में से 60 (70 प्रतिशत), **NCP** के 28 में से 7 (25 प्रतिशत), **AAP** के 19 में से 6 (32 प्रतिशत), **BSP** के 60 में से 2 (3 प्रतिशत) और 416 में से 25 (6 प्रतिशत) **निर्दलीय** उम्मीदवार करोड़पति हैं। (घोषित संपत्ति ₹ 1 करोड़ से ज़्यादा)।




आलेख– करोड़पति उम्मीदवारों का प्रतिशत–दलवार

☞ <u>**औसतन संपत्ति**</u>: गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण में उम्मीदवारों की **औसतन संपत्ति ₹ 2.16 करोड़** है।

☞ **औसतन संपत्ति–दलवार:** मुख्य दलों में **BJP** के 89 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 10.70 करोड़ है। **INC** के 86 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 8.46 करोड़, **BSP** के 60 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 19.16 लाख, **NCP** के 28 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 2.15 करोड, **AAP** के 19 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 1.68 करोड़, और 416 **निर्दलीय** उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति ₹ 29.23 लाख है।

☞ **शुन्य संपत्ति वाले उम्मीदवार:** 2 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शुन्य घोषित की है। नीचे की तालिका में उसकी सूची दी गई है।

| क्र0सं0 | नाम | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | दल | चल संपत्ति (₹) | अचल संपत्ति (₹) | कुल संपत्ति (₹) | पैन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Unadkat Prakashbhai Vallabhdas | PORBANDAR | PORBANDAR | IND | 0 | 0 | 0 | Y |
| 2 | Chauhan Rafik Husen | GIR SOMNATH | SOMNATH | IND | 0 | 0 | 0 | Y |

तालिका– शुन्य संपत्ति वाले उम्मीदवार

☞ **सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवार:** नीचे की तालिका में सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले 3 उम्मीदवारों की सूची दी गई है। (शून्य संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवारों को छोड़कर)

| क्र0सं0 | नाम | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | दल | चल संपत्ति (₹) | अचल संपत्ति (₹) | कुल संपत्ति (₹) | पैन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dharmeshbhai Hasmukhbhai Upaddhyay | RAJKOT | RAJKOT WEST | IND | 600 | 0 | 600<br>6 Hund+ | Y |
| 2 | Rushikeshbhai Mansukhbhai Pandya | RAJKOT | GONDAL | Bharatiya Rashtravadi Paksha | 2,000* | 0 | 2,000<br>2 Thou+ | Y |
| 3 | Gosai Amitpari Nathupari | BHAVNAGAR | GARIADHAR | IND | 2,000 | 0 | 2,000<br>2 Thou+ | N |

तालिका– सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार

*' संपत्ति के मूल्य से यह तात्पर्य है कि उम्मीदवार ने अपने शपथपत्र में कुल संपत्ति का ब्यौरा नही दिया है। कुल संपत्ति की गण्ना उनके द्वारा शपथपत्र में घोषित किये गये विवरण के आधार पर की गई है।*

☞ **अधिकतम देनदारी घोषित करने वाले उम्मीदवार:** **923** में से **386 (42 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी देनदारी घोषित की है। नीचे की तालिका में सबसे ज़्यादा देनदारी घोषित करने वाले शीर्ष **3** उम्मीदवारों की सूची दी गई है।

| क्र0सं0 | नाम | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | दल | कुल संपत्ति (₹) | देनदारी (₹) | पैन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajguru Indranilbhai Sanjaybhai | RAJKOT | RAJKOT WEST | INC | 1,41,22,83,775 141 Crore+ | 45,46,77,532 45 Crore+ | Y |
| 2 | Ambaliya Ravibhai Jamanadas | RAJKOT | JETPUR | INC | 29,58,70,692 29 Crore+ | 29,89,18,942 29 Crore+ | Y |
| 3 | Gopalbhai Pragjibhai Vastarpara | AMRELI | LATHI | BJP | 55,26,01,842 55 Crore+ | 24,40,70,212 24 Crore+ | Y |

तालिका– सबसे ज़्यादा देनदारी घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवार

☞ **पैन विवरण**: **127 (14 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपना पैन विवरण घोषित नही किया है।

☞ **आयकर विवरण में सबसे ज़्यादा वार्षिक आय* घोषित करने वाले उम्मीदवार**: **8** उम्मीदवारों ने अपनी वार्षिक आय ₹ 1 करोड से ज़्यादा घोषित की है। नीचे की तालिका में शीर्ष 3 उम्मीदवारों की सूची दी गई है।

| क्र0सं0 | नाम | दल | निर्वाचन क्षेत्र | जनपद | कुल संपत्ति (₹) | स्वय की आय का स्त्रोत | पत्नी की आय का स्त्रोत | वित्तीय वर्ष जिसमें आयकर भरा गया | कुल आय जो उम्मीदवारा ने अपने आयकर मे घोषित की (स्वंय+पति/पत्नि+आश्रित) (₹) | स्वंय की आय (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dhanjibhai Patel (Makson) | BJP | WADHWAN | SURENDRANAGAR | 1,13,47,78,445 113 Crore+ | Farming & Business | Farming & Business | 2016-2017 | 3,94,36,236 3 Crore+ | 3,90,51,313 3 Crore + |
| 2 | Pabubha Virambha Manek | BJP | DWARKA | DEVBHUMI DWARKA | 88,42,28,456 88 Crore+ | Business | Rent Income | 2016-2017 | 2,78,19,927 2 Crore+ | 2,69,89,503 2 Crore + |
| 3 | Saurabh Yashvantbhai Dalal Patel | BJP | BOTAD | BOTAD | 1,23,78,85,869 123 Crore+ | Business | Salary, Interest, Dividend | 2016-2017 | 2,45,94,864 2 Crore+ | 1,06,57,644 1 Crore + |

तालिका– आयकर विवरण में सबसे ज़्यादा वार्षिक आय घोषित करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवार

***कुल आय = स्वंय की आय + पति/पत्नि की आय + आश्रित की आय**

- **आय का स्त्रोत: 923** में से **76 (8 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी आय का स्त्रोत घोषित नही किया है।
- **आयकर विवरण घाषित ना करने वाले उम्मीदवार: 923 में से 471 (51 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपना आयकर विवरण घोषित नही किया है। (कुछ उम्मीदवार आयकर रिटर्न भरने से मुक्त भी हो सकते हैं)।
- **अधिकतम संपत्ति वाले उम्मीदवार जिन्होने आयकर* घोषित नही किया: 14** उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति **₹** 1 करोड़ से ज़्यादा घोषित की है लेकिन इन्होने अपना आयकर विवरण घोषित नही किया है। नीचे की तालिका में आयकर रिटर्न घोषित ना करने वाले शीर्ष 3 उम्मीदवारों की सूची दी गई है–

| क्र0सं0 | नाम | जनपद | निर्वाचन क्षेत्र | दल | कुल आय | कुल संपत्ति (₹) | पैन | स्वंय की आय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhaveshbhai Ramnikbhai Bhalara | RAJKOT | RAJKOT EAST | IND | 4,80,000 | 8,52,50,876 8 Crore+ | Y | ITR not filed |
| 2 | Devabhai Punjabhai Malam | JUNAGADH | KESHOD | BJP | 0 | 5,23,45,606 5 Crore+ | Y | ITR not filed |
| 3 | Jadeja Geetaba Jayrajsinh | RAJKOT | GONDAL | BJP | 0 | 2,70,16,228 2 Crore+ | Y | ITR not filed |

तालिका– अधिकतम संपत्ति वाले शीर्ष 3 उम्मीदवार जिन्होने आयकर घोषित नही किया

* कुछ उम्मीदवार आयकर रिटर्न भरने से मुक्त भी हो सकते हैं।

## अन्य पृष्ठभूमि की जानकारी (शैक्षिक योग्यता, लिंग और आयु)

- **शैक्षिक योग्यता: 580 (63 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है जबकि **217 (23.5 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज़्यादा घोषित की है। **76 (8 प्रतिशत) उम्मीदवारों** ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और **17 (2 प्रतिशत) उम्मीदवारों** ने असाक्षर घोषित की है। **12 (1 प्रतिशत) उम्मीदवारों** ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है।
- **उम्मीदवारों की आयु: 367 (40 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी आयु **25 से 40** वर्ष के बीच घोषित की है। **473 (51 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी आयु **41 से 60** वर्ष के बीच घोषित की है। **82 (9 प्रतिशत)** उम्मीदवारों ने अपनी आयु **61 से 80** वर्ष के बीच घोषित की है।
- **महिला प्रतिनिधित्व:** गुजरात विधानसभा चुनाव 2017 के पहले चरण में **57 (6 प्रतिशत)** महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।